# एल.पी.जी. गैस सिलेंडर के अवैध भंडारण पर तीन आरोपी गिरफ्तार

## 115 घरेलू और व्यावसायिक सिलेंडर, पिकअप वाहन तथा 32550 रुपए जब्त

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल जिला स्पेशल टीम (सीएसटी) ने शहर में अवैध रूप से एलपीजी गैस सिलेंडरों के भंडारण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दौलतपुरा थाना क्षेत्र में छापा मारकर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 115 गैस सिलेंडर,एक पिकअप वाहन और 32 हजार 550 रुपये की नकदी जब्त की है।

पुलिस उपायुक्त अपराध अभिजीत सिंह ने बताया कि पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल के मार्गदर्शन में विशेष पुलिस कमिश्नर ओमप्रकाश के निर्देशन यह कार्रवाई की। जहां पुलिस को सूचना मिली थी कि दौलतपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत अखेपुरा स्थित साईं वाटिका विस्तार कॉलोनी के प्लॉट नंबर 28 व 29 में अवैध रूप से एलपीजी गैस सिलेंडरों का गोदाम संचालित किया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने रसद विभाग की टीम के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए मौके पर छापा मारा। कार्रवाई के दौरान वहां से अवैध रूप से रखे गए 38 भरे हुए तथा 77 खाली सिलेंडर सहित कुल 115 घरेलू और व्यावसायिक गैस सिलेंडर बरामद किए गए। साथ ही सिलेंडरों के परिवहन में प्रयुक्त पिकअप वाहन (आरजे 14 जीटी 1643) और 32,550 रुपए की नकदी भी जब्त की गई। पुलिस ने इस मामले में बुधराम मीणा (42) निवासी गोविंद नगर-6 बेनाड रोड झोटवाड़ा, भगवान सिंह निवासी टोडा का गोठड़ा जिला टोंक तथा नरेश गुर्जर (30) निवासी ग्राम गाजीपुर जिला करौली को गिरफ्तार किया है।

## जिला प्रशासन ने भी जब्त किए 56 सिलेंडर

**जयपुर ( कासं )**। जयपुर कलक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी के निर्देशन में जिला रसद अधिकारी प्रियव्रत सिंह चारण के तीन विशेष प्रवर्तन दलों ने सोमवार को राजधानी में जगह-जगह छापामार कार्रवाई करते हुए 56 घरेलू एवं व्यवसायिक गैस सिलेंडर, 4 इलेक्ट्रॉनिक मोटर, 4 कांटे तथा 3 रेगुलेटर जब्त किए गए। इसके साथ ही संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध संबंधित पुलिस थानों में एफआईआर दर्ज करवाई गई।

पुलिस से प्राप्त सूचना पर ब्रह्मपुरी क्षेत्र, आमेर रोड जयपुर में घरेलू गैस सिलेंडरों से अवैध रिफिलिंग की पुष्टि हुई। मौके से 20 घरेलू गैस सिलेंडर, 2 इलेक्ट्रॉनिक मोटर एवं 2 कांटे जब्त किए गए।

पुलिस की सूचना के आधार पर गोपालपुरा बाईपास स्थित श्याम एवं गोयनका जनरल स्टोर पर कार्रवाई की गई। यहां घरेलू गैस सिलेंडरों से अवैध रिफिलिंग कर कालाबाजारी किए जाने की पुष्टि होने पर 23 घरेलू गैस सिलेंडर, 2 इलेक्ट्रॉनिक मोटर एवं 2 कांटे जब्त किए गए। विष्णु मिष्ठान भंडार पर व्यवसायिक गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग एवं कालाबाजारी की पुष्टि हुई। मौके से 13 व्यवसायिक गैस सिलेंडर तथा 3 रेगुलेटर जब्त किए गए। विशेष प्रवर्तन दल द्वारा एक गैस एजेंसी का भी निरीक्षण किया गया। एजेंसी संचालकों को घरेलू गैस सिलेंडरों की निर्बाध आपूर्ति करने, उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान करने तथा एजेंसी परिसर में आमजन की अनावश्यक कतारें नहीं लगने देने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध रिफिलिंग, भंडारण या कालाबाजारी में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही जयपुर शहर के आमजन से अपील की गई है कि किसी भी संदिग्ध गैस रिफिलिंग केंद्र, अवैध भंडारण या कालाबाजारी गतिविधि की सूचना विभाग को तत्काल दें।



# गला घोंटकर पत्नी को मौत के घाट उतारने वाला पति गिरफ्तार

**जयपुर** । बगरु इलाके में एक शराबी पति ने अपनी पत्नी का गला घोट कर उसे मौत के घाट उतार दिया और हत्या की वारदात को अंजाम देने के बाद पुलिस को चकमा देने के लिए शव के पास बैठ कर जोर-जोर से रोता रहा। पुलिस ने कुछ ही घंटो में वारदात का पर्दाफाश कर आरोपी पति को हिरासत में ले लिया। पुलिस गिरफ्तार आरोपी से हत्या के कारणों की जानकारी जुटाने का प्रयास कर रही है।

थानाधिकारी राजेन्द्र गोदारा ने बताया कि बिहार के मोतिहारी (पूर्वी चंपारण) स्थित कुंडवा चैनपुर के खड़वा निवासी सुशीला देवी (26) की शादी दस पहले रविन्द्र मुखिया (27) से हुई थी। पिछले तीन महीने से दंपती बगरू रीको के कृष्णा विहार कॉलोनी में किराए पर अपने 2 बेटों के साथ रह रहे थे। बगरू रीको में ही सुशीला और रविन्द्र नौकरी करते थे। रविंद्र शराब पीने का आदि था। गत 13 मार्च को दोपहर में रविन्द्र मुखिया ने सुशीला से झगड़ा किया। मारपीट करने पर सुशीला अपने दोनों बेटों को लेकर कॉलोनी में कुछ दूरी पर स्थित अपनी बहन के घर आ गई।

14 मार्च की सुबह रविन्द्र सुशीला को घर ले जाने के लिए आया। जिसके बाद आरोपी रविंद्र को मृतका की बहन निर्मला और उसके पति विनोद ने झगड़ा नहीं करने के लिए समझाया। दोनो में समझाईश होने के बाद रविंद्र सुशीला के साथ वापस अपने घर पर आ गई। जिसके बाद दोपहर में निर्मला ने सुशीला के मोबाइल पर कॉल किया, लेकिन सुशीला ने फोन नहीं उठाया। इस पर 4 बजे निर्मला घर पहुंची। वहां पर सुशीला का शव फर्श पर पड़ा देख वो हैरान रहे गई। सुशीला के सिर से खून बह रहा था। गले में चुन्नी की गांठ लगी हुई थी। चीख-पुकार की आवाज सुन आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी पुलिस को दी। हत्या की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने रविंद्र के मोबाइल पर कॉल करके बुलाया। रविंद्र कुछ ही देर में शराब के नशे में धुत होकर घर पहुंचा और सुशीला के शव के पास बैठकर रोने का नाटक करने लगा। पुलिस ने आरोपी रविंद्र का नशा उतरने के बाद सख्ती से पूछताछ की तो आरोपी ने सुशीला की हत्या करने स्वीकार कर लिया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिवार वालों को सौंप दिया।

## रोजगार सहायता शिविर स्थगित

**जयपुर** । युवा मामले एवं खेल विभाग तथा कौशल रोजगार एवं उद्यिमता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में नवीन युवा नीति 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन के तहत युवाओं को कैरियर मार्गदर्शन एवं रोजगार के अवसरों से लाभान्वित करने के उद्देश्य से यूनिसेफ के सहयोग से 18 मार्च को युवा आवास परिसर, में आयोजित होने वाला कैरियर मार्गदर्शन एवं रोजगार सहायता शिविर अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। उप प्रादेशिक रोजगार कार्यालय, जयपुर की उपनिदेशक नवरेखा ने बताया कि उक्त शिविर की नई तिथि शीघ्र ही घोषित की जाएगी, जिसकी सूचना जारी की जाएगी।

## सार-समाचार

### ज्योतिष विज्ञान के लिए एम.ओ.यू.



**जयपुर** । भारतीय पारम्परिक ज्ञान वास्तु शास्त्र, अंक ज्योतिष एवं ज्योतिष विज्ञान का अध्ययन अब विश्वविद्यालय स्तर पर भी होगा। इस संबंध में आचार्य लवभूषण एवं निर्वाण विश्वविद्यालय के बीच एक एमओयू हुआ है। इसके तहत विश्वविद्यालय के ऑकल्ट साइंसेज विभाग में अब वास्तु शास्त्र, अंक ज्योतिष और ज्योतिष विज्ञान के अत्याधुनिक व्यावसायिक पाठ्यक्रम संचालित किए जाएंगे। शैक्षिणक क्रांति का यह एक नया अध्याय शुरू हो रहा है। भारतीय ज्ञान परम्परा की वैश्विक पहचान को नया आयाम देने की दिशा में यह महत्वपूर्ण पहल है। आचार्य लवभूषण ने कहा कि यह पारम्परिक विद्या संरचित, शोध-आधारित और प्रमाणित शिक्षा दुनिया में प्रतिष्ठित होगी। प्राचीन विद्याओं से विद्यार्थियों को एक सशक्त व व्यावहारिक दृष्टिकोण मिलेगा। इन पाठ्यक्रमों को निर्वाण विश्वविद्यालय का ऑकल्ट साइंसेज विभाग संचालित करेगा, जिसमें विद्यार्थियों को ना केवल सैद्धांतिक ज्ञान बल्कि व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्राप्त होगा। पाठ्यक्रमों को सफलतापूर्वक पूरा करने पर विश्वविद्यालय द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे, जो उन्हें परामर्श, शोध और आध्यात्मिक सेवाओं के क्षेत्र में नए और शानदार अवसर प्रदान करेंगे।

### माली-सैनी महासभा की बैठक




**जयपुर** । माली-सैनी महासभा राजस्थान की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक मांग्यावास मानसरोवर में अध्यक्ष छुट्टन लाल सैनी फूलवाले की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संगठनात्मक विस्तार सदस्यता शुल्क और सामाजिक एकजुटता को मजबूत करने जैसे कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में प्रदेशभर से समाजबंधु उपस्थित रहे। इसमें ओम राजोरिया, कैलाश राज सैनी, इन्द्रराज सैनी, लालचंद सैनी, बाबूलाल रजवास, मुहाना सब्जी मंडी के अध्यक्ष योगेश तंवर, रोशन सैनी, गुलाब इंदौरा, अमित सैनी, सागर मावर, हजारीलाल सैनी, गुड्डू सैनी शाहपुरा, देवकीनंदन सैनी, ग्यारसीलाल सैनी एडवोकेट, सीएल सैनी, चंदालाल सैनी, बाबूलाल सैनी, संजय सैनी और अन्य शामिल थे। सभी ने संगठन के विकास और समजिक सौहार्द को बनाए रखने का संकल्प लिया। बैठक में आगामी पंचायत और निकाय चुनावों में समाज को उचित प्रतिनिधित्व दिलाने, समाज की ओर से आरक्षण को लेकर चलने वाले आंदोलन में लगे मुकदमों को वापस लेने तथा वैवाहिक संबंधों के लिए दो या तीन गोत्रों को समर्थन देने की बात रखी गई। इसके साथ ही 11 अप्रैल की फुले जयंती को भव्य मनाने की रूपरेखा तैयार की गई।

### मणिपाल यूनिवर्सिटी में वार्षिकोत्सव

**जयपुर**। मणिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर (एमयूजे) का वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव ओनैरोस-2026, तीन दिनों तक चले उत्साह, रचनात्मकता और युवाओं की ऊर्जा के बाद बेहद भव्य और रंगारंग अंदाज़ में संपन्न हुआ। 13 से 15 मार्च 2026 तक आयोजित इस महोत्सव में लगभग 35,000 छात्रों और आगंतुकों की भागीदारी रही, जिससे यह विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक आयोजनों के सबसे शानदार संस्करणों में से एक बन गया। महोत्सव की शुरुआत उद्घाटन समारोह से हुई, जिसमें कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। इनमें एमयूजे के कुलपति डॉ. नीति निपुण शर्मा, प्रो-प्रेसिडेंट डॉ. करुणाकर ए. कोटेगर, प्रोवोस्ट डॉ. नीतू भटनागर, कुलसचिव डॉ. अमित सोनी और मंजू शर्मा शामिल थे। उनके साथ डॉ. मधुरा यादव, डीन - स्टूडेंट्स वेलफेयर, निदेशक डॉ. पंकज व्यास तथा पूरी डीएसडब्लु टीम भी मौजूद रही। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न डीन, निदेशक और विभागाध्यक्ष भी उपस्थित थे। उद्घाटन समारोह के साथ ही तीन दिनों तक चलने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों, प्रतियोगिताओं और कलात्मक प्रस्तुतियों की शुरुआत हुई। डायरेक्टरेट ऑफ स्टूडेंट वेलफेयर द्वारा आयोजित इस महोत्सव में लगभग 75 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें नृत्य, नाटक, संगीत, साहित्य और अन्य सांस्कृतिक गतिविधियाँ शामिल थीं। विभिन्न संकायों के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पूरे कैंपस को प्रतिभा, रचनात्मकता और सांस्कृतिक विविधता के जीवंत केंद्र में बदल दिया।

### राजेश कर्नल पुनः जोन अध्यक्ष बने



**जयपुर** । विप्र फाउंडेशन की पुष्कर में हुई राष्ट्रीय परिषद् में हुए निर्वाचन में एडवोकेट राजेश कर्नल को पुनः अगले दो वर्षों के लिए जयपुर जोन -1 का प्रदेशाध्यक्ष चुना गया है। द बार काउंसिल जयपुर के दो बार अध्यक्ष रहे तथा अनेक सामाजिक संस्थाओं में सक्रिय कर्नल का लगातार यह चौथा कार्यकाल है। संगठनात्मक दृष्टि से जयपुर जोन में जयपुर जिले के अलावा कोटपुतली, अलवर, खैरथल, टोंक, सीकर और झुंझुनूं जिले शामिल है।

### स्क्रैप फैक्ट्री में कंप्रेसर फटा, 4 झुलसे

**जयपुर** । विश्वकर्मा थाना इलाके में सोमवार शाम स्क्रैप फैक्ट्री में तेज धमाके के साथ कंप्रेसर फट गया। जिससे फैक्ट्री में आग लग गई। आग की चपेट में आने चार मजदूर गंभीर रुप से झुलस गए। तेज धमाके से आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस की सहायता से चारों मजदूरों को निजीअस्पताल भिजवाया। बताया जा रहा है की विश्वकर्मा रोड नंबर - 17 पर जैसलिया चौराहा पर जगदम्बा इंडक्शन प्राईवेट लिमिटेड के नाम से स्क्रैप फैक्ट्री है। सोमवार शाम करीब साढ़े 5 बजे फैक्ट्री में तेज धमाके के साथ फैक्ट्री में लगा कंप्रेशर फट गया और फैक्ट्री में आग लग गई। इस आग की चपेट में आने से फैक्ट्री में काम कर रहे चार मजदूर झुलस गए। जिन्हे पुलिस ने अन्य मजदूरों की मदद से उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया। थानाधिकारी रविंद्र सिंह ने बताया कि स्क्रैप फैक्ट्री में लोहे के बंडल बनाने के लिए इलेक्ट्रिक कंप्रेसर मशीन पर काम किया जा रहा था। कंप्रेशर मशीन में लोहे का स्क्रैप डालकर प्रेस करते वक्त अचानक से उसमें ब्लास्ट हो गया। कंप्रेशन मशीन से आग निकलने पर चार मजदूर उसकी चपेट में आ गए।

# जयपुर में पांच नई लैंड पूलिंग योजनाएं लाने की तैयारी में जुटा जेडीए प्रशासन

## सांगानेर, बस्सी और कालवाड़ रोड पर होंगी यह योजनाएं





**जयपुर विकास आयुक्त सिद्धार्थ महाजन ने सोमवार को लैंड पूलिंग योजनाओं को लेकर अधिकारियों से चर्चा की।**

**जयपुर** (कासं)। जयपुर विकास आयुक्त सिद्धार्थ महाजन की अध्यक्षता में सोमवार को जेडीए के चिंतन सभागार में लैंड पूलिंग योजनाओं को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जयपुर के सुनियोजित एवं संतुलित नगरीय विकास को गति देने के उद्देश्य से पाँच नई लैंड पूलिंग योजनाएँ प्रस्तावित की गईं।

बैठक में जोन-14 में महल रोड क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रामचन्द्रपुरा, विधाणी, रामपुरा उर्फ कंवरपुरा, जयचंदपुरा एवं विमलपुरा (तहसील सांगानेर) में लगभग 350 हैक्टेयर क्षेत्र में दो लैंड पूलिंग योजनाओं का प्रस्ताव रखा गया। इसके अतिरिक्त जोन-8 में सांगानेर, जोन-10 में बस्सी तथा जोन-12 में कालवाड़ क्षेत्र में एक-एक लैंड पूलिंग योजना प्रस्तावित की गई है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा राज्य बजट में प्रदेशभर में 20 नई लैंड पूलिंग योजनाएँ प्रारंभ करने की घोषणा की जा चुकी है। इन योजनाओं के माध्यम से भविष्य में पार्क, सीवरेज लाइन, ड्रेनेज, जलापूर्ति, विद्युत व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट, स्कूल एवं शैक्षिणक संस्थानों के लिए भूमि, कम्युनिटी सेंटर, हेल्थ सेंटर/डिस्पेंसरी तथा धार्मिक स्थलों सहित विभिन्न सार्वजनिक सुविधाओं का समुचित विकास किया जाएगा। लैंड पूलिंग योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से जयपुर में सुनियोजित शहरी विकास को नई गति मिलेगी और नागरिकों को बेहतर आधारभूत सुविधाएँ उपलब्ध हो सकेंगी।

## नाबालिग बेटी से दुष्कर्म करने वाला सौतेला पिता गिरफ्तार

**जयपुर** । सदर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नाबालिग बेटी से दुष्कर्म करने वाले सौतेले पिता को गिरफ्तार किया है है। बताया जा रहा है की वर्ष -2018 में सौतेले पिता ने नाबालिग बेटी को डरा-धमका कर उसके साथ दुष्कर्म किया था । बेटी ने मामले की जानकारी अपनी मां को दी। जिसके बाद आरोपी घर से 2 लाख रुपए नकद व गहने लेकर फरार हो गया था। पुलिस ने आरोपी पिता की गिरफ्तारी के लिए तीन हजार का इनाम घोषित किया था। जयपुर पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) हनुमान प्रसाद ने बताया कि पीड़िता की मां ने मामला दर्ज कराया था कि पति से अनबन होने के कारण वो अपनी बेटी के साथ अलग रह रहीं थी। तभी आरोपी से उसकी मुलाकात हुई । आरोपी ने वर्ष -2018 में आरोपी ने नाबालिग बेटी को डरा-धमकाकर देहशोषण किया। बेटी ने आरोपी की उसकी करतूत के बारे में अपनी मां को बताया। आरोपी को इस बात की भनक लग गई और वो घर से 2 लाख रुपए नकद व गहने चोरी कर मौके से फरार हो गया।

# एसीएस गृह और डीजीपी ने कहा ''मशीनी अंदाज में नहीं होगा पैरोल मामलों का निस्तारण''

**जयपुर** । कैदियों के पैरोल प्रार्थना पत्रों के निस्तारण को लेकर अदालती आदेश की पालना में एसीएस गृह भास्कर ए सावंत और डीजीपी राजीव शर्मा वीसी के जरिए हाईकोर्ट से जुडे। उन्होंने अदालत को आश्वासन दिया कि वे पैरोल प्रकरणों की बारीकी से मॉनिटरिंग करेंगे। वहीं ऐसे मामलों को मशीनी अंदाज में तय करने के बजाए उचित नियमों से तय किया जाएगा। इसके साथ ही पैरोल प्रकरणों में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की सिफारिशों का भी ध्यान में रखा जाएगा। दोनों अधिकारियों के आश्वासन को रिकॉर्ड पर लेते हुए अदालत ने कहा कि दोनों याचिकाकर्ताओं को पैरोल दी जा चुकी है। ऐसे में मामले का निस्तारण किया जाता है। जस्टिस महेन्द्र कुमार गोयल और जस्टिस भुवन गोयल की खंडपीठ ने यह आदेश अनिल कपूर व अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से एएजी राजेश चौधरी ने कहा कि बीते साल सात के पैरोल मामले को देखने से पता चलता है कि करीब साठ फीसदी प्रकरणों में पैरोल दिया जा रहा है। वहीं नए आदेशों को निचले अफसरों तक पहुंचाया जा रहा है।

याचिका में अधिवक्ता जीपी रावत ने कहा कि याचिकाकर्ता बीते चार साल से ओपन जेल में है और अब तक 12 साल की सजा भुगत चुका है। उसने नियमित पैरोल के लिए आवेदन किया था। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, भरतपुर के संयुक्त निदेशक ने गत 31 अक्टूबर को अपनी रिपोर्ट में याचिकाकर्ता को पैरोल देने की सिफारिश की थी, लेकिन स्थानीय एसपी ने उसे पैरोल देने पर अप्रिय घटना होने का अंदेशा जताते हुए पैरोल नहीं देने को कहा। ऐसे में उसका प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया गया। जिसे हाईकोर्ट में चुनौती दी गई। गौरतलब है कि हाईकोर्ट ने गत सुनवाई को एसीएस गृह और डीजीपी को इस संबंध में जानकारी देने को कहा था।

# गाड़ी की छत पर चढ़कर युवक ने किया हंगामा

**जयपुर** । बड़ी चौपड़ क्षेत्र में सोमवार को एक युवक ने गाड़ी की छत पर चढ़कर हंगामा कर दिया, जिससे कुछ देर के लिए यातायात बाधित हो गया और मौके पर भीड़ जमा हो गई। जानकारी के अनुसार युवक बीच सड़क पर अपनी कार रोककर उसकी छत पर चढ़ गया और सिगरेट पीते हुए बीड़ी-सिगरेट पर प्रतिबंध लगाने की मांग करते हुए जोर-जोर से चिल्लाने लगा। युवक अपने साथ दो बड़े डिब्बों में बीड़ी और सिगरेट भी लेकर आया था। घटना के दौरान सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई और कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना पर माणक चौक पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह काफी देर तक गाड़ी की छत पर खड़ा होकर हंगामा करता रहा। बाद में पुलिसकर्मियों ने उसे नीचे उतारा और हिरासत में ले लिया। थानाधिकारी राकेश ख्यालिया ने बताया कि युवक की पहचान वरुण जौहरी के रूप में हुई है। उसे सड़क पर गाड़ी रोककर हंगामा करने और यातायात बाधित करने के मामले में हिरासत में लेकर थाने लाया गया।

# निगम इंस्पेक्टर बनाने का झांसा देकर 22 लाख रु. ठगे

**जयपुर** (कासं)। जामडोली इलाके में निगर निगम में नौकरी लगवाने का झांसा देकर 22 लाख रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर दो सगे भाईयों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

■ आरोपी ने विश्वास दिलवाने के लिए फर्जी ट्रेनिंग दिलाई

हैड कांस्टेबल लालाराम ने बताया कि आगरा रोड के जामडोली निवासी सुनील कुमार ने मामला दर्ज कराया है कि उसके गांव का परिचित लल्लूराम ने उसे नगर निगम में इंस्पेक्टर के पद नौकरी लगवाने व 80 हजार रुपए प्रति माह सैलेरी दिलवाने का झांसा दिया और और 22 लाख रुपए ऐंठ लिए। बताया जा रहा है कि मार्च -2023 में परिचित लल्लूराम उनके घर मिलने आया था। परिजनों से बातचीत के दौरान शातिर लल्लूराम ने नगर निगम में वैकेंसी निकलना बताकर उसके दोनों भाइयों की जॉब लगाने का कहा। उसने कहा कि मेरी अधिकारियों से अच्छी जान-पहचान है। एक पोस्ट तो आरएएस के अटेण्डर की है। जिसकी मंथली सैलरी 80 हजार रुपए है। एक भाई को आरएएस का अटेण्डर और दूसरे को नगर निगम इंस्पेक्टर लगाने का झांसा दिया। बातों में आने पर जॉब लगाने के एवज में 15 लाख रुपए की डिमांड की। सरकारी नौकरी के नाम से पीड़ित परिजनों ने आरोपी को 15 लाख रुपए दे दिए। जिसके बाद आरोपी ने अगस्त - 2023 में दोनो भाई को अलवर में 5 दिन की ट्रेनिंग करवाने के लिए भेजकर आरोपी परिचित ने रहने-खाने का खर्च 5 हजार रुपए ओर ले लिए। जिसके बाद आरोपी जॉब लगाने को लेकर टालमटोल करता रहा। दबाव बनाने पर आरोपी ने अधिक के ट्रांसफर होने का बहाना बनाना शुरु कर दिया और दूसरे अधिकारी को 7 लाख रुपए देने का झांसा दिया। आरोपी ने 7 लाख रुपए देने के बाद फिर से टालमटोल शुरू कर दी और जल्द ही पैसे वापस देने का झांसा दिया। जिसके बाद पीड़ित को खुद के साथ हुई धोखाधड़ी का एहसास हुआ तो वह पुलिस के पास पहुंचा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ ठगी का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी है। पीड़ित ने नौकरी नहीं लगने पर आरोपी लल्लूराम पर 22 लाख रुपए वापस लौटाने का दबाव बनाया तोअप्रैल-2024 में आरोपी लल्लू राम ने दौसा स्थित एसबीआई बैंक के तीन चेक साढ़े 5 लाख रुपए भरकर पीड़ित को विश्वास दिलाने के लिए दे दिए, लेकिन उसके खाते में पैसे ही नहीं थे।

# भजन और गज़ल गायकी से राजस्थान दिवस उत्सव में घोली सुरीली मिठास

## जवाहर कला केन्द्र में पद्मश्री उस्ताद अहमद हुसैन, मोहम्मद हुसैन व रजब अली की प्रस्तुति



**जयपुर** । जवाहर कला केंद्र की अतिरिक्त महानिदेशक डॉ. अनुराधा गोगिया की उपस्थिति में राजस्थान दिवस पर जवाहर कला केंद्र की ओर से विभिन्न अकादमियों के सहयोग से आयोजित किया जा रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में सोमवार सायं 6 बजे से जवाहर कला केन्द्र के केन्द्र के रंगायन सभागार में रजब अली भारती द्वारा गीत एवं गज़ल की प्रस्तुति दी गई। इसके पश्चात तथा पद्मश्री अवार्ड से सम्मानित हुसैन बंधु (उस्ताद अहमद हुसैन एवं उस्ताद मोहम्मद हुसैन) की भजन गायन की प्रस्तुति दी।

जवाहर कला केंद्र की अतिरिक्त महानिदेशक डॉ. अनुराधा गोगिया ने इस अवसर पर कलाकारों का शॉल उढाकर स्वागत किया। इस अवसर पर सिविल लाइन विधायक गोपाल शर्मा, गजल गायकी के सम्राट स्वर्गीय जगजीत सिंह के बड़े भाई जसवंत सिंह भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दूसरे चरण में राजस्थान में जन्मे विश्वप्रसिद्ध ग़ज़ल गायक पद्मश्री उस्ताद अहमद हुसैन एवं उस्ताद मोहम्मद हुसैन ने शास्त्रीय संगीत आधारित "गाइये गणपति जगवंदन, शंकर सुवन भवानी के नंदन" की सुमधुर प्रस्तुति दी। गोस्वामी तुलसीदासजी कृत उक्त स्तुति के साथ ही श्री राधागोविंद देव जी की स्तुति अब राधेरानी दे डारो बंसी मोरी की भक्तिमय प्रस्तुति से श्रोताओं को मन्त्रमुग्ध कर दिया। वहीं उन्होंने "चल मेरे साथ ही चल" गज़ल से भी सुरों बानगी पेश की। उस्ताद अहमद हुसैन एवं उस्ताद मोहम्मद हुसैन की जुगलबंदी दी गई प्रस्तुति और बेहतरीन शेर शायरी ने भी सुरीला समां बाँध दिया। इससे पूर्व कार्यक्रम के पहले चरण जवाहर कला केन्द्र में आयोजित इस खूबसूरत गज़ल गायकी की शाम का आगाज़ रजब अली भारती ने राजस्थान की सुप्रसिद्ध मांड "केसरिया बालम" की प्रस्तुति के साथ किया। इसके बाद उन्होंने लोकप्रिय गजल "रंजिशे ही सही" सुमधुर प्रस्तुति दी। इस दौरान प्रसिद्ध कलाकार मनभावन डांगी के वायलिन वादन के साथ अन्य वाद्य यन्त्रों की भी बेहतरीन प्रस्तुतिया रही। रजब अली ने जगजीत सिंह, गुलाम अली और मेहदी हसन की मशहूर ग़ज़लों की भावपूर्ण प्रस्तुति दी गई। जिसमें "कोई फ़रियाद तेरी दिल में दबी हो जैसे, जागते जागते इक उम्र कटी हो जैसे, हर मुलाक़ात पे महसूस यही होता है।" की सुरीली प्रस्तुति दी। इसके साथ ही "हंगामा है क्यों गरपा" की शुरुआत से ही दर्शकों ने रिदम के साथ तालिया बजाते हुए गायक की हौसला अफ़ज़ाई की। इसके बाद गज़ल "हम तेरे शहर में आए हैं, मुसाफिर की तरह" और "चुपके चुपके रात दिन आंसू बहाना याद है" जैसी गज़लों की प्रस्तुति पर खूब वाह-वाही और तालियां बटोरी।

# जयपुर में एम.एस.धोनी क्रिकेट स्टेडियम सीज

-कार्यालय संवाददाता-

■ 42.38 लाख रु. का बकाया यूडी टैक्स जमा नहीं करवाने पर नगर निगम की कार्रवाई

**जयपुर** । जयपुर नगर निगम की रेवेन्यू टीम ने बकाया यूडी टैक्स की वसूली को लेकर बड़ी कार्रवाई करते हुए सीकर रोड स्थित एमएस धोनी क्रिकेट स्टेडियम को सीज कर दिया। निगम के अनुसार, स्टेडियम संचालकों पर करीब 42.38 लाख रुपये का यूडी टैक्स बकाया था, जिसे बार-बार नोटिस देने के बावजूद जमा नहीं कराया गया। इसके बाद नगर निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर सीज की कार्रवाई की।

मुरलीपुरा जोन के उपायुक्त पवन शर्मा ने बताया कि एकेडमी पर साल 2007 से 2025 तक का नगरीय विकास शुल्क बकाया था, जिसे जमा करवाने के लिए कई बार नोटिस जारी किया। लेकिन नोटिस के बाद भी टैक्स जमा नहीं करवाने पर सोमवार को रेवेन्यू टीम ने कुर्की की कार्रवाई कर एकेडमी को सील किया। उन्होंने बताया कि इस स्टेडियम के अलावा मुरलीपुरा जोन एरिया में कुछ दुकानों को भी 2.86 लाख रुपए का बकाया यूडी टैक्स जमा नहीं करवाने पर कुर्की की कार्रवाई करते हुए सील किया गया। नगर निगम की टीम ने सांगानेर और जगतपुरा जोन एरिया में भी बकाया यूडीटैक्स जमा नहीं करवाने पर कुर्की की कार्रवाई की। जगतपुरा जोन में अलग-अलग स्थानों पर बकाया यूडी टैक्स होने पर 3 सम्पत्तियां और सांगानेर जोन में 6 सम्पत्तियों को सील किया है।